घटना | दूसरे दिन भी इमझिरा स्थित हनुमान मंदिर से ले गये आंखें निकालकर

# चोरों की पुलिस को खुली चुनौती

**नवभारत/नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र में काफी लंबे समय से बंद सिलसिले बार चोरियों की बारदातों ने फिर से अपने पैर लिये है इस तरह की घटनाओं से जहां लोगों में असुरक्षा की भावना निर्मित हो रही है वहीं पुलिस के लिए भी यह विषय चुनौती पूर्ण हो गया है। सोमवार से छुटपुट जारी इस क्रम में मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात को अज्ञात चोरों ने गांधी चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर दादा दरबार में छत्र और मुकुट चोरी किये वहीं श्री सुब्रतनाथ भगवान के नवीन जिनालय में ताले तोड़ने की घटना को अंजाम दिया था।

ऊपर बैठे पुलिस अधिकारियों से लेकर तेंदूखेड़ा और आस पास पुलिस थानों की पुलिस साक्ष्यों के आधार पर दिन भर कार्यवाही में जुटी रही इसी बीच चोरों ने फिर धावा बोलकर बुधवार गुरुवार की रात्रि में ग्राम इमझिरा में कंकाली मठ के आगे स्थित हनुमान मंदिर में जाकर मूर्ति की आंखें ही निकाल कर ले गए हैं। वहीं तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग पर ऊमरपानी के निकट पंच मुखी हनुमान मंदिर से भी सी एफ एल निकालकर ले गये हैं। इस तरह चोरी की घटनाओं से लोगों में रोष व्याप्त है। और इन चोरों को शीघ्र पकड़े जाने को लेकर अब सड़कों पर उतरने योजना बना रहे हैं।

### बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने की जरूरत

**सामग्री बेचने के बहाने नगर के बाहर डेरा डाल कर रहने वाले इन अनजानों पर भी पैनी नजर**



तेंदूखेड़ा क्षेत्र में बड़ी संख्या में बाहरी लोगों की बाढ़ सी आ गई है। जो बगैर किसी जानकारी या मुसाफिरी लिखाये ही नगर में धड़ल्ले से घूम रहे हैं। बहुत से निर्माण कार्यों और खदानों में ठेकेदारों के लोग डेरा लेकर बैठें हैं। इन छोटी-छोटी गतिविधियों पर ध्यान दिये जाने की महती आवश्यकता है। कभी मोटरसाइकिल तो कभी गाड़ियों में सामग्री बेचने के बहाने नगर के बाहर डेरा डाल कर रहने वाले इन अंजानों पर भी पैनी नजर रखने की जवाबदेही पुलिस की तो है ही लेकिन हमारे भी दायित्व है कि हर गतिविधियों पर नजर रखें। और संदिग्धों की तत्काल जवाबदार पक्षों को सूचित करें। क्षेत्र में कृषि उपज तैयार होकर किसान अपनी जरुरतों के हिसाब से बेचकर काम करेगा ग्रामीण क्षेत्रों में अजनबी लोग रातों रात घटनाओं को अंजाम देंगे ऐसा पिछले वर्षों में हुआ भी है।

### केवल दिखावा सिद्ध हो रहे सीसीटीवी कैमरे

सुरक्षा की दृष्टि और अजनवी व्यक्तियों पर नजर रखने की दिशा में तीसरी आंख की महत्वपूर्ण भूमिका रही है लेकिन यहां पर यह व्यवस्था केवल दिखावा ही साबित हुई है। विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे केवल और केवल देखने के लिए ही लगाये गये हैं इनसे अभी तक कोई उचित लाभ नहीं मिल सका है। और संदिग्धों की तत्काल जवाबदार पक्षों को सूचित करें। नगर में होने वाली सुरक्षा और शांति समीति की बैठकों में सी सी टी वी कैमरों को लगाने व्यापारी वर्ग को बोला भी जाता है लेकिन बात आई गई हो जाती है। और जब समस्या सामने आती है तो बड़ी बड़ी बातें नये सिरे से होने लगती हैं। किसानों के घरों से लाखों रुपए और जेबर उड़ाये भी हैं।



## ठेमी में नाली निर्माण में हो रहा भ्रष्टाचार, ग्रामीणों में रोष

**गोटेगांव।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत ठेमी में हाल ही में बनाई गई कंक्रीट नाली की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में इतनी घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है कि कुछ ही दिनों में नाली का कंक्रीट मिट्टी की तरह बिखरने लगा है और कई स्थानों पर बड़ी दरारें आ गई हैं। ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि जनहित के कार्यों में मानकों की अनदेखी कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। वर्तमान में नाली के क्षतिग्रस्त होने से जल निकासी की व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से इस निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी ठेकेदार व जिम्मेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि गुणवत्ताहीन कार्यों से न केवल शासन की योजनाओं को पलीता लग रहा है, बल्कि जनता में भी भारी असंतोष है।

## कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने बाणगंगा उद्गम स्थल पर किया श्रमदान

**नवभारत/ गोटेगांव।** जल स्रोतों के पुनरुद्धार और संरक्षणयू के लिए प्रदेश व्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न उत्साहजनक गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत दोन स्थित प्राचीन बाणगंगा उद्गम स्थल पर विशेष सफाई एवं जीर्णोद्धार कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सम्मिलित होकर स्वयं श्रमदान किया। उनके साथ क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश, जिला सीईओ गजेंद्र सिंह और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी कुंड की साफ-सफाई में हाथ बंटाया। 14वीं शताब्दी के मंदिरों



और धार्मिक महत्व वाले इस ऐतिहासिक स्थल पर मंत्री श्री पटेल ने जल संचय की आवश्यकता पर बल दिया। इसी कड़ी में विकासखंड गोटेगांव की ग्राम पंचायत खापा शेढ़ और सिलवानी में जल संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां ग्रामीणों को जल के महत्व और उसके सदुपयोग की शपथ दिलाई गई। मप्र जनअभियान परिषद और नवांकुर संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इन कार्यक्रमों में राहगीरों के लिए शीतल जल उपलब्ध कराने हेतु जल मंदिर-प्याऊ का शुभारंभ भी किया गया। इन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को जल संचय और प्राचीन जल संरचनाओं के संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

## नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन और छात्र हितों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा

**नवभारत/गोटेगांव।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की नगर इकाई द्वारा स्थानीय सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य से सौजन्य भेंट कर नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन और छात्र हितों से जु? विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक के दौरान प्राचार्य ने नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए बताया कि इसका मुख्य लक्ष्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण



विकास के साथ शिक्षा को अधिक व्यावहारिक और कौशल आधारित बनाना है ताकि छात्र भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बन सकें। एबीवीपी के पदाधिकारियों ने भी शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के संबंध में अपने सुझाव साझा किए और प्राचार्य के सकारात्मक मार्गदर्शन की सराहना की। परिषद के सदस्यों ने दोहराया कि संगठन सदैव विद्यार्थियों की समस्याओं और शैक्षणिक सुधारों के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी छात्र हितों के लिए सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाता रहेगा।

## पंडित अनुराग भार्गव ने सरकार को दिया 33 दिन का अल्टीमेटम

**नवभारत/साईखेड़ा।** मध्यप्रदेश की राजनीति और धार्मिक गलियारों में गौ संरक्षण का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। प्रखर वक्ता और गौ सेवक पंडित अनुराग भार्गव ने प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार को स्पष्ट चेतावनी देते हुए 33 दिनों का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने मांग की है कि गौ माता को अविलंब 'राज्य माता' का दर्जा दिया जाए, अन्यथा राजधानी भोपाल की सड़कों पर अब तक का सबसे बड़ा गौ प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध' लड़ा जाएगा।



### संत समाज और गौ भक्तों का आक्रोश

पंडित भार्गव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि गौ माता सनातन धर्म की प्राणवायु हैं, लेकिन लंबे समय से उनकी उपेक्षा हो रही है। उन्होंने कहा, अब समय केवल ज्ञापन देने का नहीं, बल्कि अधिकार छीनने का है। यदि 33 दिनों के भीतर सरकार ने सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो प्रदेशभर के हजारों संत-महंत, धर्माचार्य और गौ भक्त भोपाल कूच करेंगे। यह आंदोलन केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि गौ माता के सम्मान की बहाली के लिए निर्णायक युद्ध होगा। हिंदूवादी नेताओं की चुप्पी पर उठाए सवाल पंडित भार्गव ने अपने संबोधन में जनप्रतिनिधियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने आश्चर्य जताते हुए कहा कि जो विधायक और मंत्री स्वयं को हिंदू हितैषी बताते नहीं थकते, वे गौ माता के सम्मान के प्रश्न पर मौन क्यों हैं। उन्होंने आरोप लगाया है।

## गौवंश के लिए चलाया गया विशेष टीकाकरण अभियान

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में विकासखंड साईंखेड़ा के ग्राम खुर्सीपार स्थित सर्वदेव निवासिनी गौशाला में नि:शुल्क टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बेगा एवं खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) रोग की रोकथाम के लिए 46 देशी नस्ल की गायों का टीकाकरण किया गया। पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने गिर एवं साहिवाल नस्ल की गायों का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया। इस दौरान गौपालकों से अपील की गई कि वे शासन की नि:शुल्क योजना का लाभ लेकर समय पर टीकाकरण कराएं, जिससे पशुधन सुरक्षित रह सके।

## पंचकुडात्मक श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** समीपी ग्राम बंधी में पंचकुण्डात्मक विष्णु महायज्ञ का आज विशाल कलश यात्रा के साथ में शुभारंभ हुआ। ग्राम के सभी वर्गों के सनातन धर्मावलंबी महिला पुरुषों क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से पधारे श्रद्धालु जनों, यज्ञ के विद्वान ब्राह्मणों के साथ बाजे गाजे सनातनी जयघोष के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। इस यज्ञ के यज्ञाचार्य हमारे क्षेत्रीय विद्वान पौरोहित्य कर्मकांड स्नातक आचार्य चतुष्टय वेदाचार्य पुराणाचार्य व्याकरण एवं ज्योतिषाचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया कि सर्वप्रथम सभी यजमानों का प्रायश्चित्त कराया गया जिसमें दसविध स्नान प्रायश्चित्त हवन और विशाल कलशयात्रा के साथ यज्ञ का



शुभारंभ हुआ। विश्व शांति विश्व कल्याण के उद्देश्य से गणेश आदि पंचांग पूजन के बाद सभी विद्वानों और यजमानों के द्वारा यज्ञ मण्डप में प्रवेश किया। कथा व्यास शिव ओम कृष्ण शास्त्री जी द्वारा भागवत माहात्म्य की कथा के साथ साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। यज्ञ समिति एवं समस्त ग्रामवासियों ने दिनांक 8अप्रैल से 14अप्रैल तक आयोजित पंच कुण्डात्मक विष्णु महायज्ञ और साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित होने की सभी क्षेत्र वासियों से अपील है।

### एक नजर में

## देह व्यापार कांड : असम की पीड़िता को केस वापस लेने मिल रही धमकियां

**जबलपुर।** गढ़ा थाना क्षेत्र में भाजपा नेता की होटल में चल रहे चर्चित देह व्यापार मामले में असम की पीड़िता को केस वापिस लेने लगातार धमकिया मिल रहा है । डराया, धमकाया जा रहा है । धमकियों से तंग आकर पीड़िता ने अब ओमती थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। विदित हो कि असम निवासी युवती काम की तलाश में जबलपुर आई थी। इसके वह शीतल उर्फ मथुरा के संपर्क में आ गई थी। जिसने उसे देह व्यापार के दलदल में धकेल दिया था। मथुरा ने गढ़ा बाजार स्थित अतिथि होटल संचालक व भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अतुल चौरसिया के साथ मिलकर युवती को काम दिलवाने झांसा दिया था। इसके बाद दोनों के चंगुल में फंस गई थी। होटल संचालक ने अपने साथी शीतल के साथ मिलकर युवती को होटल में ही बंधक बनाकर डरा धमकाकर उससे देह व्यापार करवाते रहे। इस दौरान शीतल और अतुल ने भी युवती के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने पूर्व में अतुल चौरसिया और शीतल दुबे उर्फ मथुरा दुबे के खिलाफ गढ़ा थाने में देह व्यापार की एफआईआर दर्ज कराई थी । एफआईआर के कुछ समय बाद पीड़िता अपने मूल निवास असम चली गई थी।

पीड़िता के अनुसार, असम जाने के बाद नवंबर के पहले सप्ताह में मुख्य आरोपी अतुल चौरसिया की मां केशर बाई ने फोन कर केस वापस न लेने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। इसके कुछ समय बाद अतुल के दोस्त पप्पू यादव ने फोन किया और कहा, मैं अतुल का दोस्त बोल रहा हूं, अभी जेल से छूटकर आया हूं। हर 6 महीने में जेल जाता रहता हूं, केस वापस ले लो वरना पछताओगी। पीड़िता ने बताया कि धमकियों का सिलसिला यहीं नहीं रुका। 24 नवंबर 2025 को जब पीड़िता हाईकोर्ट जबलपुर के पास अंबेडकर चौक पर खड़ी थी, तब पप्पू यादव ने फोन कर कहा, तुझे जान से खत्म कर दूंगा, तेरे आगे-पीछे कोई नहीं है, किसी को पता भी नहीं चलेगा। पीड़िता जब जिला न्यायालय में अपने केस के सिलसिले में आई, तब 28 मार्च, 30 मार्च और 6 अप्रैल को आरोपी केशर बाई ने उसे कोर्ट परिसर में ही रोककर झूठी गवाही देने और केस वापस लेने के लिए दबाव बनाया। लगातार मिल रही जान से मारने की धमकियों और मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर पीड़िता ने ओमती थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया।

### पहले दिन दाखिल हुए 48 नामांकन

**जबलपुर।** स्टेट बार काउंसिल ऑफमध्य प्रदेश के चुनाव के लिए बुधवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। पहले दिन कुल 48 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। इनमें निवर्तमान वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनीए विवेक सिंहए सुनील गुप्ताए नरेंद्र जैनए भोपाल से राजेश व्यासए राजेश पांडेए उज्जैन से आशीष बालकृष्ण उपाध्याय आदि शामिल रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी जस्टिस एसके पालो एवं हाई पॉवर इलेक्शन कमेटी के सचिव प्रशांत दुबे ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार को भी नामांकन प्रक्रिया जारी रहेगी। नाम वापसी होने के बाद सभी नामांकन प्रपत्रों की जांच की जाएगी। स्क्रूटनी के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। मतदान 12 मई को होना है।

बुधवार को सुबह से ही स्टेट बार में उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ पहुंचने लगे थे। शाम तक नामांकन प्रक्रिया जारी रही। इस दौरान स्थानीय प्रत्याशी आरके सिंह सैनी के साथ पाटन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुवीर सिंह ठाकुरए सम्मति सैनीए राकेश सैनीए टीसी लखेराए अशोक पांडेए सुशील शर्माए अशोक गुप्ताए पीएस दीक्षित व अन्य उपस्थित रहे।

## चीचली में पुस्तक मेले का आयोजन 13 को

**नवभारत/चीचली।** राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में विकासखंड स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन 13 अप्रैल 2026 दिन सोमवार को सुबह 10 बजे से किया जा रहा है । इस मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को पुस्तकें, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म, जूते आदि सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जाएंगी। मेले में आवश्यक व्यवस्था हेतु चीचली बीईओ वीरेंद्र राजपूत ने कर्मचारियो की ड्यूटी लगाई है। तत्सम्बन्ध में बीईओ कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार विनीत नामदेव, सत्यम ताम्रकार, हेमंत शुक्ला को मंचीय व्यवस्था, अनिल दुबे, मनोज धानक, सुनीता सोनी, शिवा ताम्रकार, सृष्टि कौरव, सुलेखा शर्मा को पंजीयन व्यवस्था एवं संदीप शर्मा, राजेंद्र रजक, चतुर्भुज मालवीय एवं सुरेंद्र राजपूत को बैठक, स्वागत, पेयजल व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है।



## नये तहसील कार्यालय के आधुनिक भवन के निर्माण की कवायद तेज

**नवभारत/ गोटेगांव।** तहसील कार्यालय की पुरानी जर्जर बिल्डिंग को हटाकर वहां एक नए और आधुनिक भवन के निर्माण की कवायद तेज हो गई है। इसी क ?ी में पुराने भवन को तो ?ने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जिसके चलते राजस्व कार्यों की सुविधा के लिए तहसील कार्यालय की विभिन्न शाखाओं को अस्थायी रूप से अन्य स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। नई व्यवस्था के अनुसार तहसीलदार के दोनों कोर्ट सहित गोटेगांव और करकबेल सेक्टर का संचालन अब स्थानीय विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) से किया जाएगा, जबकि बारहट एवं श्रीनगर सेक्टर के राजस्व संबंधी कार्य जनपद पंचायत परिसर स्थित मनरेगा कार्यालय की पहली मंजिल से संपन्न होंगे। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नया भवन पूरी तरह तैयार होने तक कार्यालय इन्हीं वैकल्पिक स्थानों से सुचारू रूप से चलते रहेंगे। आधुनिक सुविधाओं से लैस नया तहसील भवन बनने से क्षेत्र के नागरिकों को राजस्व मामलों के निपटारे में अधिक सुगमता होगी और उन्हें एक बेहतर कार्य परिवेश मिलेगा। स्थानीय निवासियों ने भी प्रशासन के इस निर्णय की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की है कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा होगा, जिससे गोटेगांव को जल्द ही नई और उन्नत तहसील बिल्डिंग की सौगात मिल सकेगी।

## कलेक्टर ने सहकारी बैंक नरसिंहपुर के शाखा प्रबंधकों की मासिक बैठक ली

**नवभारत/नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक रजनी सिंह ने सहकारी बैंक नरसिंहपुर के शाखा प्रबंधकों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कर मार्च 2026 के वित्तीय आंकड़ों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में किसानों को बेहतर और समयबद्ध बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। खरीफ सीजन वर्ष 2025 के लंबित ऋण प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि ऋण राशि की वसूली की प्रक्रिया में तेज लाई जाए। उन्होंने कहा कि बैंक अधिकारी किसानों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें सहज रूप से ऋण अदायगी के लिए प्रेरित करें, जिससे उनकी वित्तीय स्थिति मजबूत हो सके। कालातीत ऋण प्रकरणों के समाधान के लिए कलेक्टर ने संबंधित कृषकों से संवाद बढ़ाने और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खरीफ वर्ष 2026 के लिए ऋण वितरण का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करने और पात्र किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे खेती की तैयारी बेहतर तरीके से कर सकें। कलेक्टर सिंह ने शाखा स्तर पर मैदानी अमले के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को योजनाओं का लाभ पहुंचे।

अमानत संग्रहण की समीक्षा करते हुए उन्होंने शाखाओं को अधिक सक्रिय होकर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने और बैंक से लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में समिति कम्प्यूटरीकरण, खाद भंडारण, वितरण एवं उपार्जन कार्यों की भी गहन समीक्षा की गई, जिससे किसानों को पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं मिल सकें। इस अवसर पर उप आयुक्त सहकारिता श्री दिनेश चौरसिया, महाप्रबंधक श्री दिग्विजय सिंह पटेल सहित विभागीय एवं बैंक के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे ग्रामीण अंचल : उदय प्रताप सिंह

### कैबिनेट मंत्री के भागीरथ प्रयासों से बुनियादी ढांचे में आया बड़ा बदलाव

**साईखेड़ा।** मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री और क्षेत्रीय विधायक श्री उदय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों को मुख्य मार्गों और शहरों से जोड़ने के संकल्प के साथ शुरू किया गया सड़कों का निर्माण कार्य अब धरातल पर दिखने लगा है। इसी कड़ी में साईखेड़ा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम डुंगरिया से पनागर तक की महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। वर्षों पुराना इंतजार हुआ खत्म ग्राम डुंगरिया से पनागर मार्ग के पूर्ण होने से स्थानीय ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। लंबे समय से जर्जर मार्ग की समस्या झेल रहे ग्रामीणों के लिए यह सड़क अब सुगम आवागमन का आधार बनी है। इस मार्ग के चालू होने से न केवल व्यापारिक गतिविधियों को



बल मिलेगा, बल्कि स्कूली बच्चों और मरीजों को अस्पताल तक पहुँचने में होने वाली असुविधा से भी मुक्ति मिलेगी। इन सड़कों पर भी तेजी से जारी है कार्य विकास की यह गति केवल एक मार्ग तक सीमित नहीं है। क्षेत्रीय विधायक के प्रयासों का ही परिणाम है कि गाडरवारा विधानसभा में अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं को भी स्वीकृति मिली है सुपारी से बम्होरी मार्ग ग्राम सुपारी से बम्होरी तक की सड़क का निर्माण कार्य वर्तमान में युद्ध स्तर पर जारी है। निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रमुख मांग

कोठिया से नोनिया टोला ग्रामीणों की एक और प्रमुख मांग को पूरा करते हुए कोठिया से नोनिया टोला सड़क का टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, जल्द ही इस मार्ग पर भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा अग्रणी विधानसभा बनाने का लक्ष्य क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि कैबिनेट मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह के सक्रिय प्रयासों से गाडरवारा विधानसभा विकास के मामले में प्रदेश में अग्रणी भूमिका निभा रही है। सिंचाई योजनाओं के बाद अब सड़कों के सुदृढ़ीकरण से किसानों को अपनी उपज मंडियों तक ले जाने में आसानी होगी। जनप्रतिनिधियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने इन सौगातों के लिए मंत्री जी का आभार व्यक्त किया है।

## कायस्थ समाज द्वारा समाज के आराध्य भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव की तैयारियां

**नवभारत/ गाडरवारा।** स्थानीय कायस्थ समाज द्वारा समाज के आराध्य भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। आगामी 23 अप्रैल (गुरुवार) को यह आयोजन धूमधाम से मनाया जाएगा। हाल ही में टेलीफोन एक्सचेंज के पास अरुण श्रीवास्तव के निवास पर समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। सुबह 9 बजे छिड़ावघाट नदी मोहल्ला स्थित चित्रगुप्त मंदिर से बाइक रैली निकाली जाएगी नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी रैली के बाद पूजन-अर्चन, आरती एवं प्रसादी वितरण सायं 4 बजे (श्रीकुटी गार्डन, नया कॉलेज के सामने) पूजन-अर्चन सम्मान समारोह आयोजित होगा समाज के शतायु (100+ आयु) वरिष्ठजन शासकीय सेवा में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले सदस्य बोर्ड परीक्षाओं में 90त्न+ अंक प्राप्त



करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थी कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु युवाओं की टीम गठित की गई है, जिसमें शामिल हैं= संदीप श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव बैठक में समाज की एकता, संगठन मजबूती और समाजहित के विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव सहित अनेक वरिष्ठ एवं महिला सदस्य तथा युवा उपस्थित रहे।